हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 10 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध पोल्ट्री फार्म और निर्माण





SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन का होना है निर्माण

# गुलाब कॉलोनी में बने आवासों को तोड़ने की प्रक्रिया हुई शुरू, चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण हेतु गुलाब कॉलोनी को खाली करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मकानों के खाली होने के बाद घरों पर गुरुवार को बुलडोजर चला। जिला प्रशासन के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा न्यायालय भवन के निर्माण हेतु अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। पहले चरण में 8 खाली मकानों जो जमीजोद किया जा रहा है जबकि शेष मकानों को भी खाली करने के निर्देश दिए गए है। गुलाब कॉलोनी के खाली होने के बाद अब वर्तमान स्थल पर ही न्यायालय के प्रस्तावित भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

**खास बात**

- अधिवक्ता संघ कर रहा था आन्दोलन

बता दें कि जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन निर्माण हेतु शासन से राशि स्वीकृत हुई थी। भवन निर्माण हेतु पूर्व में वर्तमान स्थल पर भी प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था जिसे स्वीकृति भी मिल गई थी लेकिन बाद में कलेक्टर ने न्यायालय के नवीन भवन निर्माण हेतु चठिरमा में जमीन का आबंटन कर दिया था। जमीन आबंटन के बाद से ही अधिवक्ता संघ आक्रोशित था और अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी थी जिससे काम काज पूर्ण रूप से ठप हो गया था। संघ की मांग थी कि न्यायालय परिसर के अधीन आने वाली भूमि पर बने गुलाब कॉलोनी को खाली कराकर इसी स्थान पर भवन का निर्माण कराया जाए। 12 नवम्बर को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के आश्वासन उपरान्त अधिवक्ता संघ ने अपनी हड़ताल खत्म की थी जिसके बाद गुरुवार से न्यायालय में काम काज सामान्य हो गया। इधर संघ को दिए गए आश्वासन के तहत जिला प्रशासन के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा गुलाब कॉलोनी को खाली करने और मकानों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। गुरुवार की सुबह लोक निर्माण विभाग की टीम जेसीबी के साथ कॉलोनी में पहुंची और खाली किए गए मकानों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि अगले कुछ दिनों में जमीन को खाली करने का काम पूर्ण कर लिया जाएगा और इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा।



कॉलोनी को तोड़ता जेसीबी।

### कॉलोनी में 13 मकान, जारी किया गया नोटिस

गुलाब कॉलोनी में कुल 13 शासकीय आवास बने हुए है। इन आवासों का निर्माण 1982 में किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन अब जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन निर्माण हेतु कॉलोनी को खाली कराया जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम द्वारा पूर्व में ही सभी 13 शासकीय कर्मचारियों को नोटिस जारी कर शासकीय आवास खाली करने को कहा गया था। बताया जा रहा है कि अब तक 13 में से 8 लोगों ने अपने आवास खाली किए है जबकि 5 आवास अभी तक खाली नहीं हो पाए है। प्रशासन ने सभी को आवास खाली करने का निर्देश दिया गया है।

### निर्माण के लिए 3.52 एकड़ भूमि की आवश्यकता

जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन निर्माण हेतु शासन से 4602.52 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही भवन के निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिया गया है। भवन निर्माण हेतु कुल 97.0X147.0 मीटर यानी के 14259.0 स्क्वायर मीटर (3.522 एकड़) भूमि की आवश्यकता है। वर्तमान में लगभग सवा दो एकड़ में वर्तमान न्यायालय भवन संचालित है जबकि इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा 0.93 एकड़ भूमि न्यायालय भवन के लिए स्वीकृत किया गया था। वहीं गुलाब कॉलोनी 0.84 एकड़ में है। इसके अतिरिक्त आस पास के क्षेत्र में कुछ अन्य अतिक्रमण है। बताया जा रहा है कि अतिक्रमण और गुलाब कॉलोनी को खाली करने के बाद निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि होगी लेकिन निर्माण के लिए वर्तमान भवन भी शामिल करना पड़ेगा।

### कराया जा रहा है खाली

गुलाब कॉलोनी में कुल 13 आवास है। सभी को आवास खाली करने का नोटिस पूर्व में जारी कर दिया गया था। कुल 8 आवासों को अब तक खाली किया गया है जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा जमीन को खाली कराने का काम कराया जा रहा है।

-फागेश सिन्हा
एसडीएम



# रिश्वत लेते धरे गए आरईएस एसडीओ के घर पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

ग्रामीण से तालाब निर्माण के भौतिक सत्यापन हेतु 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए आरईएस एसडीओ ऋषिकांत तिवारी पर एसीबी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रिश्वत लेते धरे गए एसडीओ के घर में भी एसीबी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान एसीबी ने अधिकारी के घर से नगदी रकम, बीमा, जमीन रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज को जब्त किया है। अधिकारी अब एसडीओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे है। इधर इस कार्रवाई से क्षेत्र के सरपंच सचिवों में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के लोग अधिकारी के मनमानी और अवैध वसूली से परेशान थे।

- एसीबी ने बरामद किया 2 .27 लाख रुपए नगद के साथ ही जमीन व बीमा के दस्तावेज, आय से अधिक संपत्ति के मामले होगी कार्रवाई

बता दें कि 12 नवम्बर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विकासखंड अंतर्गत नवापारा खुर्द निवासी दिसम्बर सिंह आ. स्व. कांशी राम से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में प्रेमनगर आरईएस एसडीओ ऋषिकांत तिवारी को रंगे हाथों पकड़ा था। आरोपी एसडीओ ऋषिकांत तिवारी ने ग्रामीण से मतस्य संपदा योजना अन्तर्गत ग्राम नवापाराखुर्द स्थित भूमि पर तालाब का निर्माण के भौतिक सत्यापन व रिपोर्ट देने के नाम पर 15 हजार रुपए की मांग की थी। एसीबी की टीम ने डीएसपी प्रमोद खेस और निरीक्षक शरद सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई कर रंगे हाथों पकड़ा था। एसीबी ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की थी जबकि देर रात ही एसीबी की टीम ने एसडीओ ऋषिकांत तिवारी के अंबिकापुर स्थित निवास में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने एसडीओ के घर से 2 लाख 27 हजार 500 रुपए नगद बरामद किया गया। उक्त रकम आरोपी अधिकारी ने क्षेत्र के ग्रामीणों से अवैध रूप से वसूलने की बात भी स्वीकार की है। इसके साथ ही अधिकारी के घर से जमीन रजिस्ट्री के कागजात व 52 लाख रुपए का बीमा एफडी बरामद किया है। अधिकारी ने 50 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक बीमा में निवेश किया था। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद आरोपी आरईएस एसडीओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में डीएसपी प्रमोद खेस ने बताया कि आरोपी आरईएस एसडीओ के घर से 2.27 लाख रुपए नगदी, 52 लाख रुपए की एफडी व जमीन की रजिस्ट्री बरामद की है। आरोपी ने जब्त रकम को ग्रामीणों से अवैध रूप से वसूला था। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

**छात्र के साथ मारपीट थाने में शिकायत**

**मनेन्द्रगढ़।** केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में एक बेहद संवेदनशील और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पहली कक्षा में पढ़ने वाले एक मासूम छात्र के साथ स्कूल की शिक्षिका द्वारा कथित तौर पर अकारण मारपीट की गई है।

## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज ग्राउंड एवं गांधी स्टेडियम नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

**अम्बिकापुर।** भारत के राष्ट्रपति का जिला सरगुजा में 20 नवम्बर को आगमन प्रस्तावित है। उनके प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के ग्राउण्ड एवं गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर के आस-पास नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण 18 को

**बलरामपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर अभियान अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नशा मुक्त भारत निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में 18 नवम्बर को नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत व्यापक स्तर पर शपथ समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नागरिक एकजुट होकर नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को प्रेरित करने शपथ लेंगे।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अब 23 जनवरी को

**अम्बिकापुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 14 नवम्बर को विकासखण्ड लखनपुर के ग्राम अरगोती में आयोजित किया जाना था। अपरिहार्य कारणों से अब यह शिविर 23 जनवरी 2026 को आयोजित होगा।

### राष्ट्रीय अप्रेंटिसशीप हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 तक

अम्बिकापुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी 30 नवम्बर तक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशीप करने के लिए अपने दस्तावेज शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता, जाति, निवास, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं फोटो के साथ जमा कर सकते हैं। जिसमें वेल्डर के 1, विद्युतकार के 2, डीजल मैकेनिक के 3, मोटर मैकेनिक के 4 एवं फिटर के 5 व्यवसाय शामिल हैं।

# देश के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल की रही महत्वपूर्ण भूमिका : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को शासन और जिला प्रशासन द्वारा शहर में जिला स्तरीय एकता मार्च पदयात्रा निकाली गई। यूनिटी मार्च की शुरुआत राम मंदिर प्रांगण से शुरू हुई और विभिन्न मार्गों से होते हुए देर शाम ग्राम परसा पहुंची। हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालय महाविद्यालय के छात्र, बड़ी संख्या में आमजन उत्साहपूर्वक यात्रा में निकले। एकता का संदेश देते हुए जैसे-जैसे मार्च आगे बढ़ा शहर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों ने फूल-मालाओं और


▶▶ शेष पेज 4 पर


- कलौह पुरुष की 150वीं जयंती पर निकाला गया यूनिटी मार्च, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, छात्र छात्राओं ने की 11 किमी पदयात्रा
- पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत, स्वच्छता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित
- सांसद, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने की धान कटाई



### 11 किमी की पदयात्रा

लौह पुरुष की जयंती पर निकाले गए यूनिटी मार्च के तहत सभी ने 11 किमी की पदयात्रा की। यह पदयात्रा राम मंदिर अंबिकापुर से होते हुए मल्टीपरपज स्कूल पहुंची जहां विद्यार्थियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया, इस दौरान विद्यार्थी जनसभा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात शंकर घाट पहुंचकर शिव मंदिर दर्शन कर लोगों ने घाट में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिए। वहीं शासकीय माध्यमिक शाला असोला में जनसभा आयोजित कर लोगों को सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और उनकी प्रेरक जीवनी के विषय में जानकारी दी गई। लोक गायक श्री संजय सुरीला ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की अलख जगाई। वहीं आगे परसा मोड़ में सांसद, महापौर जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने सामूहिक रूप से धान कटाई की।

### परसा में हुआ समापन

11 किमी की पदयात्रा परसा स्थित शिव मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया जिसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधरोपण किया। इसके बाद देर शाम पदयात्रा शासकीय माध्यमिक शाला परसा पहुंची जहां जनसभा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम समाचार लिखे जाने तक जारी था।

# नौकरी लगाने के नाम पर 72 लाख की ठगी करने वाला फर्जी डीएसपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

महिला के बच्चों की पुलिस विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर 72 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को डीएसपी बताकर महिला को अपने झांसे में लेकर 7 वर्षों से ठगी कर रहा था और महिला अपने परिवार की जमीन बेचकर रुपए भेज रही थी। पुलिस ने आरोपी को एमपी के सीधी जिले से पकड़ा है। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है।

- एमपी से पकड़ा गया आरोपी, जेसीबी ऑपरेटर का करता था काम



बलरामपुर जिले के कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में सामरी, जलजली, श्रीकोट क्षेत्र में एसाई कंपनी द्वारा सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा था और इस निर्माण कार्य में कंपनी की ओर से एमपी के सीधी चुरहट पचोखर अंतर्गत ग्राम पड़खुरी निवासी 29 वर्षीय संतोष कुमार पटेल आ. रविनाथ पटेल जेसीबी ऑपरेटर का काम कर रहा था। जलजली रोड निर्माण के दौरान कंपनी का कैंप जगाधरपुर के पास लगा हुआ था। कैंप में ही कंपनी के सभी चालक हेल्पर रहते थे। इसी दौरान कैंप से लगे जंगल में ग्राम कंजिया निवासी ललकी बाई बकरी चराने के लिए आती थी उसी दौरान महिला और आरोपी संतोष पटेल के बीच जान पहचान हुई और अक्सर दोनों के बीच बातचीत होती थी। आरोपी संतोष कुमार पटेल 2016 से 2021 तक जेसीबी ऑपरेटर के रूप में काम करता था और उसके बाद अपने घर ग्राम पड़खुडी चला गया। घर जाने के बाद आरोपी ने महिला को फोन कर बताया कि पैसों के दम पर उसकी पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर नौकरी लग गई है। उसने महिला के दोनों बच्चों की भी पुलिस में अच्छे पद पर नौकरी लगाने की


▶▶ शेष पेज 4 पर


## सनातन परंपरा को चुनौती देने वालों से रहना होगा सावधान

# भारत की संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और वैज्ञानिक संस्कृति : कुलश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

राष्ट्रवादी प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने बुधवार की शाम पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और वैज्ञानिक संस्कृति है, जो वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे सार्वभौमिक आदर्शों पर आधारित है। यह संस्कृति केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और समाज को जोड़ने का विज्ञान है।

उन्होंने अपने प्रभावशाली अंदाज़ में कहा कि आज सनातन परंपरा पर योजनाबद्ध प्रहार किए जा रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि जो सनातन को तोड़ना चाहते हैं, वे भारत की आत्मा को तोड़ना चाहते हैं। जो राम को नकारते हैं, वे भारत के अस्तित्व को नकारते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि भारत का युवा आज तकनीक से संपन्न है, लेकिन उसे अपनी जड़ों से जुड़ा रहना होगा। हमें यह जानना होगा कि हमारी सभ्यता, परंपरा और संस्कृति क्या है और हमें अपने ज्ञान का उपयोग देश के निर्माण में करना है, न कि संस्कृति के विनाश में। उन्होंने कहा कि आज कुछ शक्तियां भारतीय संस्कृति को पिछड़ा बताने का षड्यंत्र कर रही हैं, जबकि सत्य यह है कि भारत की संस्कृति ही विश्व को दिशा देने वाली है। जो भारत को समझना चाहता है, उसे भारत के ऋषियों, वेदों और परंपराओं को समझना होगा।



कार्यक्रम का आयोजन लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना ट्रस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह टुटेजा नीटू ने किया तथा आभार अध्यक्ष शैलेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद, विधायक, महापौर, जनप्रतिधि तथा आयोजन समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया, नीलेश सिंह, जितेंद्र सोनी, अनीश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।


बी.एम. कॉलेज
BMC विद्या ददाति विनयम्
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप

### राजधानी में आयोजित दीक्षांत समारोह में सुधा मिश्रा को मिली पीएचडी की उपाधि

**बिश्रामपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉ सुधा मिश्रा को हिंदी साहित्य में पीएचडी की उपाधि राज्यपाल महामहिम रमेन डेका के करकमलों से प्रदान की गई,इस अवसर पर राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा भी उपस्थित रहे,डॉ सुधा मिश्रा ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन्होंने सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर से बीएड,मैट यूनिवर्सिटी रायपुर से योग में स्नातकोत्तर तथा रेवती रमण महाविद्यालय सूरजपुर से अंग्रेजी और हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर की उपाधियां प्राप्त की हैं,वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के ओएसडी डॉ रविकांत मिश्रा की धर्मपत्नी तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सेवानिवृत्त अंग्रेजी विषय के व्याख्याता रतिपाल मिश्रा की पुत्रवधू हैं,उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के सभी सदस्यों को दिया,गृहिणी होते हुए भी उन्होंने अपने घरेलू दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की है,जो प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है,उनकी यह सफलता नारी सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है।




### शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सेंट जेवियर्स स्कूल को मिला वर्ल्ड ट्री अवॉर्ड



**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि अपने नाम की है। रायपुर में आयोजित ब्लूम सेन्ट्रल इंडियाज बिगेस्ट एजुकेशन एक्सपो के अंतर्गत हुए भव्य सम्मान समारोह में विद्यालय के प्राचार्य फा. सेबास्टियन तिग्गा को प्रगतिशील शिक्षाविद एजुकेशन वर्ल्ड ट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अर्ध-शहरी क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रदान किया गया। सेंट जेवियर्स स्कूल विगत 23 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा के माध्यम से राजपुर तथा आसपास के विकासखंडों के विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है। इस संस्था के अनेक विद्यार्थी आज देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्राचार्य फा. तिग्गा ने इस उपलब्धि को विद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और सहयोगी स्टाफ को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यालय परिवार की मेहनत, एकजुटता और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक फादर अमृत कुमार कुजूर, उप-प्राचार्य अमोल कुमार मरकाम, हेडमिस्ट्रेस सुश्री प्रभा टोप्पो तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने प्राचार्य को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

# 10 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध पोल्ट्री फार्म और निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम ग्राम दुरती में सरकारी भूमि पर लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण को लेकर ग्रामवासियों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

**खास बात**
- कई बार कर चुके हैं शिकायत

शिकायत में ग्रामीणों ने बताया है कि स्थानीय द्वारा पिछले कई वर्षों से लगभग 10 एकड़ शासकीय भूमि पर जबरन कब्जा किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त भूमि पर तीन बड़े पोल्ट्री फार्म, मकान और दुकानें बना ली गई हैं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पोल्ट्री फार्म से फैलने वाली दुर्गंध और प्रदूषण से आसपास के इलाकों में निवास करने वाले लोगों को लगातार परेशानी हो रही है। इस विषय में पहले भी शिकायत की गई थी, किंतु जांच के नाम पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिरेन्द्र और प्रफुल्ल अपने पहुंच का हवाला देते हुए ग्रामीणों को धमकाते रहते है। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाकर भूमि को पंचायत के सुपुर्द करे तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजदेव सिंह, सृष्टि रामलाल, रितेश सिंह, महेश सिंह, अनीता राजवाड़े, दिलीप रामलाल, रामदास सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।


अतिक्रमण कर बनाए गए पोल्ट्री फार्म।

**कार्रवाई नहीं होने पर करेंगे आंदोलन**
ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि के बडे हिस्से में अवैध रूप से कब्जा कर पोल्ट्री फार्म सहित अन्य निर्माण किया गया है। प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो ग्राम पंचायत के लोग आंदोलन करने को विवश है। ग्रामीणों को कहना है कि पंचायत की भूमि पर पंचायत द्वारा अन्य निर्माण कराए जा सकते है।

**दुर्गंध से है लोग परेशान**
तीन बडे पोल्ट्री फार्म होने से आसपास पास के लोग पोल्ट्री फार्म के दुर्गंध से परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की गई लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। इधर पोल्ट्री फार्म से निकलने वाली गंदगी और दुर्गंध से बीमारी का खतरा मंडराने लगा है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो गांव के लिए गंभीर समस्या बन सकती है।



### सड़क निर्माण को लेकर व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत के व्यापारियों ने पार्षद श्रीमती मंजू बंसल के नेतृत्व में नगर के बीचों-बीच से एनएच-343 सड़क निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर बलरामपुर एवं कार्यपालन अभियंता एनएच-343 अंबिकापुर (सरगुजा) के नाम ज्ञापन राजपुर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा है। व्यापारियों की मांग है कि वर्तमान में राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र में एनएच-343 सड़क निर्माण कार्य प्रारंभिक स्तर पर है लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क को एक ओर से मार्किंग कर बनाए जाने से अनेक स्थानीय व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों ने मांग की कि सड़क का निर्माण नगर के बीच सेंटर से किया जाए ताकि दोनों ओर समान रूप से जगह बचे और स्थानीय व्यवसायियों के हित सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, वरिष्ठ व्यापारी सतीश अग्रवाल, दीपक मित्तल, शंभू शंकर गुप्ता, अजय अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, विकास बंसल, राहुल बंसल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### ट्रक के पीछे टकराई बाइक, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मजदूरी कर घर वापस घर आ रहे बाइक सवार ग्राम सोनगरा नाला के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम सकलपुर निवासी देवलाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके होने वाला दामाद विजय सिंह पिछले एक साल से उसके घर में रहकर काम में हाथ बटाता था। गत दिन सुबह गांव के ही मंगलू बरगाह के साथ्ज्ञ बाइक क्रमांक सीजजी 15 सीएच 2304 से ग्राम बंशीपुर निवासी बल्ले के घर मजदूरी करने गए थ। शाम को दोनों वापस घर आने लगे और जैसे ही बनारस मुख्य मार्ग ग्राम सोनगरा केन्दली नाला के समीप पहुंचे तभी सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े ट्रक क्रमांक यूपी 70 एमटी 8092 के पीछे जा टकराए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे विजय सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मंगलू गंभीर रूप से घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध 122, 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### योग्यता, क्षमता और प्रस्तुति से बनेगा करियर

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को आयोजित करियर गाइडेंस एवं पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम जेसीसी इंस्टीट्यूट के निदेशक जीत द्विवेदी ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार के टिप्स दिये। उन्होंने खेल-खेल में अपने कॅरियर के प्रति स्वयं को अद्यतन रखने की जानकारी दी तथा कहा कि आप अपने को हमेशा बेहतर प्रस्तुत करें जिससे आपकी क्षमता बढ़ेगी और अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि योग्यता, क्षमता और प्रस्तुति तीनों मिलाकर व्यक्तित्व बनता है जिससे आप जॉब के लिये तैयार होते हैं। ग्नॉइट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रशिक्षक बृजेश भाटिया ने कहा कि साफ्ट स्किल बेहतर होगी तो व्यक्तित्व में निखार आयेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को लगातार अपने पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर ध्यान देना होगा। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने करियर, जॉब और उनकी तैयारियों को लेकर प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.डॉली शर्मा तथा आभार प्रदर्शन डॉ.जसप्रीत कौर ने किया।



## छठ घाट निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**राजपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर राजपुर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए सुखद समाचार है। ग्राम पंचायत नवकी स्थित उत्तरवाहिनी गेउर नदी तट पर आरईएस विभाग द्वारा लगभग 40 लाख रुपए की लागत से छठ घाट का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह कार्य प्रारंभ होने से व्रतियों एवं श्रद्धालुओं में अपार हर्ष व्याप्त है।

- श्रद्धालुओं में खुशी की लहर

विदित हो कि तकनीकी कारणों से पिछले दो वर्षों से यह निर्माण कार्य लंबित था, जिसके चलते छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और समिति सदस्यों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। हर वर्ष अस्थायी रूप से घाट की व्यवस्था की जाती थी, जिससे सुरक्षा और सुविधा दोनों में दिक्कतें आती थीं। छठ घाट निर्माण के लिए 40 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी लेकिन लम्बे समय से निर्माण कार्य लंबित पड़ा हुआ था जिससे छठ पूजा के दौरान व्रतियों को दिक्कत हो रही थी। अब निर्माण कार्य के आरंभ होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस स्थायी घाट के निर्माण से आने वाले वर्षों में छठ पूजा का आयोजन और अधिक सुगमता, सुरक्षा एवं भव्यता के साथ किया जा सकेगा। श्रद्धालुओं ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह घाट आने वाले समय में धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से एक आदर्श स्थल बनेगा।



## पुलिस अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केदारपुर में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने, साइबर अपराध एवं यातायात के नियमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में समाजसेवी मंगल पाण्डेय ने कहा कि नशामुक्ति, यातायात एवं साइबर अपराध एवं सुरक्षा के प्रति निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। काउंसलर हिना खान ने समूह चर्चा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नशा करने के कारणों के बारे में बताया। उपनिरीक्षक अभय तिवारी ने यातायात के प्रावधानों की अनदेखी से हो रही दुर्घटनाओं का आंकड़ा प्रस्तुत किया। तेज रफ्तार बगैर हेलमेट वाहन नहीं चलाने, स्टंट नहीं करने एवं बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी। यातायात दुर्घटनाओं को कम करने साइबर सेल के अनुज जायसवाल ने साइबर फ्रॉड, साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी ने कहा कि अनुशासित एवं नियंत्रित जीवन शैली से हम नशे की लत सहित अन्य सामाजिक बुराइयों से बच सकते हैं। ध्यान एवं योगासन करने से व्यक्ति की एकाग्रता बढ़ती है। अपने वरिष्ठ जनों एवं माता-पिता के अनुभवों का आदर कर अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन राजेश प्रजापति एवं आभार प्रदर्शन मनीष मुखर्जी ने किया।




**निधन**

### रमाशंकर जायसवाल

**प्रतापपुर।** नगर के पूर्व प्रधान पाठक रमाशंकर जायसवाल का गुरुवार को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बांक नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र ने दी। स्व. रमाशंकर जायसवाल भाजपा नेता नवीन जायसवाल के पिता तथा भाजपा नेता शिव शंकर जायसवाल के बड़े भाई थे। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**
क्रमांक/1707/वाचक/अ.वि.अ./2025 राजपुर, दिनांक 13/11/2025
रा.प्र.क्र.-/अ-2/2025-26
ग्राम राजपुर, प.ह.नं. 13, तहसील राजपुर

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम राजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार तिर्की आ. सेराफिनुस तिर्की जाति उराँव, निवासी ग्राम राजपुर, तहसील- राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व हक की भूमि जो ग्राम राजपुर, प.ह.नं.- 13, रा.नि.मं. राजपुर में स्थित है। जिसका खसरा नं. 3/153 रकबा 0.0600हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से भिन्न आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन कराने बावत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, या संस्था को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं या किसी मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के माध्यम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में दिनाँक 28/11/2025 न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजपुर**
**जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं निरा सोनवानी पति भोला प्रसाद कुर्रे आयु लगभग-32 वर्ष, जाति सूर्यवंशी, निवासी ग्राम केदारपुर, नायकपारा, पोस्ट प्रेमनगर, थाना व तहसील प्रेमनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि वाटसन नाथन (WATSAN NATHAN) मेरा पुत्र है, जिसका आधार कार्ड बना हुआ है, जिसका आधार नंबर-698582374549 है। उपरोक्त आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम जानसन नाथन दर्ज है, जो कि गलत है, मेरे पुत्र का सही नाम उसके शैक्षिणिक दस्तावेजों में उसका नाम वाटसन नाथन है, जो कि सत्य व सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसके दर्ज गलत नाम जानसन नाथन के स्थान पर मेरे पुत्र का सही नाम मेरे पुत्र के शैक्षिणिक दस्तावेजों के अनुसार उसका नाम वाटसन नाथन मेरे पुत्र के आधार कार्ड में सुधार कर दर्ज किया जावे,

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

**भवदीय**
**निरा सोनवानी**
**पति भोला प्रसाद कुर्रे**
निवासी-ग्राम केदारपुर, नायकपारा, पोस्ट प्रेमनगर, थाना व तहसील प्रेमनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 14 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 15 नवंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**न्यायालय-द्वितीय जिला न्यायाधीश अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
प्रो. क्र.-812/25
वि.सि.सू.प्र.क्र.-31/2024
अगामी पेशी तिथि-05/12/2025

मो. एहसान अंसारी ---------/ आवेदकगण
प्रति
शाखा प्रबंधक ........./ अनावेदकगण

**नोटिस / ईश्तहार**

बनामः-
1. आम जनता

सर्व साधारण आम जनता हितबद्ध नागरिको को सूचित किया जाता है, कि अनावेदकगण द्वारा इस न्यायालय में संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 2784/10 रकबा-0.012 हेक्टर भूमि ग्राम अम्बिकापुर रसूलपूर जिला सरगुजा छ.ग. में स्थित है, जो वादभूमि है। जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदकगण द्वारा बैंक में बंधक रखकर होम लोन लेने हेतु आवेदन पत्र अन्र्तगत धारा 29 संरक्षक एवं प्रतिपालय अधिनियम 1890 के अधीन अनुमति अनुज्ञा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आम नागरिक को इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 05.12.2025 को नियत है।

अतः उक्त दावे में यदि किसी पक्ष आम जनता को कोई दावा/आपत्ति करना है तो इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि दिनांक 05.12.2025 को अथवा उसके पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक के पश्चात पेश होने वाले दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(मुकेश तिवारी)**
**न्याया.-द्वितीय जिला न्यायाधीश**
**अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बतौली, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
ग्राम करदना

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम करदना तहसील बतौली जिला सरगुजा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका झींगो तिग्गा पति दाउद जाति उरांव निवासी करदना तहसील बतौली जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका की बडी सासू मॉ रेन्दी तिग्गा पति डीगरा द्वारा आवेदिका के पक्ष में ग्राम करदना स्थित सा.नं. 124 सहित कुल ख. नं. 09 कुल रकबा 3.925 हे. भूमि सामिलात खाते में से अपने हिस्से की भूमि को आवेदिका के पक्षां में वसीयतनामा का निष्पादन दिनांक 17/10/2024 को किया है जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर 202400283334 है आवेदिका द्वारा उक्त वसीयतनामा के आधार पर वसीयतग्रहिता के हिस्से की भूमि पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी वैद्य प्रतिनिधि/अभिभाषक के माध्यम से अपना आपत्ति दिनांक-14/11/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 16/10/2025 को न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।।

**तहसीलदार**
**बतौली**
**जिल-सरगुजा (छ.ग.)**

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 09 नवम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,08 नवम्बर, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरखपथ, अम्बिकापुर

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. अमित जैन
MS,MCH ( Neurosurgery )
IPGMER,Kolkata Minimal Invasive BrainAnd Spine Surgeon
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरी शंकर सिंह
MBBS ( AFMC )
MD ( Psychiatry ) BHU
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस / सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-॥
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुशांत
MBBS,MD ( General medicine )
DNB Neurology
Resident RKCH Raipur
16 नवम्बर 2025, माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### डॉ. सिंह बने छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी संघ के महासचिव

**सूरजपुर।** जिले के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक डॉ. आरएस सिंह को छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी संघ का प्रांतीय महासचिव नियुक्त किया गया है। विभागीय कर्मचारियों ने इसे स्वास्थ्य व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव और मजबूत नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। डॉ. सिंह पिछले लंबे समय से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। उनकी गिनती अनुभवी, संवेदनशील और परिणाम-उन्मुख चिकित्सकों में होती है। जिले में पदस्थापना के दौरान उन्होंने मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और जनजागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी संघ में प्रांतीय महासचिव जैसे जिम्मेदार पद पर डॉ. सिंह की नियुक्ति को संगठन में पारदर्शिता, सामंजस्य और सशक्त प्रतिनिधित्व की दिशा में एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।



### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च 17 को

**सूरजपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 17 नवम्बर को जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यूनिटी मार्च समलाई मंदिर तेलाईकछार से बस स्टैंड बिश्रामपुर तक किया जाएगा। पदयात्रा सुबह 9 बजे समलाई मंदिर तेलाईकछार शुरू होगी जोकि जयनगर, अम्बेडकर चौक, शिवनंदनपुर, मेन मार्केट हनुमान मंदिर - गायत्री मंदिर से होते हुए, शिवनंदनपुर और बस स्टैंड बिश्रामपुर मे इसका समापन होगा। कार्यक्रम के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का सशक्त संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर जिले के नागरिक,जनप्रतिनिधि, स्कूल और कॉलेजों की छात्र-छात्राएं, जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी यूनिटी मार्च में शामिल होंगे। युवा प्रतिभागी एकता के प्रतीक सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देंगे। कलेक्टर एस.जयवर्धन कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु नोडल व अन्य संबंधित अधिकारियों के मध्य कार्य का विभाजन कर दिया है और कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणी महाराज व जनप्रतिनिधि अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

### ओपन स्कूल परीक्षा 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल की परीक्षाएं आयोजित की जानी है। जिसके लिए 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक परीक्षा तिथि निर्धारित की गई है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में उक्त परीक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा प्रातः 8.30 से 11.45 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा परीक्षा केन्द्र के सघन निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। जिसमें अनुविभागीय दण्डाधिकारी बलरामपुर को दल प्रभारी, सहायक संचालक शिक्षा विभाग एवं नायब तहसीलदार बलरामपुर को दल सदस्य बनाया गया है।

### 56 परीक्षा केंद्रों में होगी अमीन भर्ती परीक्षा

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 7 दिसम्बर को जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरगुजा जिले अन्तर्गत 56 परीक्षा केन्द्रों में लगभग 18,779 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए। व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 11:30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देंगे। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु आधे बांह एवं हल्के रंग का बंधन नहीं है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन लेकर ही आयें।

## सहकारी समितियों में नहीं है बारदाने एवं हमालों की व्यवस्था

# राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों को धान खरीदी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं का भी टोटा

शासन के निर्णय के अनुसार प्रशासन द्वारा सहकारी समितियों में 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ करने की तैयारियां कर ली गई है। समितियों में धान खरीदी की जिम्मेदारी राजस्व, कृषि एवं खाद्य विभाग के कर्मचारियों को सौंपी गई है। अधिकारी निर्धारित तिथि से धान खरीदी प्रारंभ करने एवं खरीदी में किसी तरह की समस्या नहीं होने का दावा कर रहे हैं। सहकारी समितियों में कार्यरत सभी कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में अनश्चितकालीन हड़ताल पर है। हड़ताली कर्मचारी अपनी मांगे पूरी होने के बाद ही कार्यस्थल पर लौटने की जिद्द पर अड़े हैं तथा लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण प्रशासन को निर्धारित तिथि से धान खरीदी प्रारंभ करने के लिए कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी। गुरूवार को कर्मचारियों को पोर्टल पर धान खरीदी करने सहित अन्य आवश्यक विषयों का प्रशिक्षण देने के साथ ही ट्रायल रन कराया गया। प्रशासन द्वारा धान खरीदी की संपूर्ण तैयारियां पूरी कर लेने का दावा किया जा रहा है।

सरगुजा में अभी धान की कटाई पूरी नहीं हुई है। धान की कटाई एवं मिसाई पूरी होने में अभी एक पखवाड़े से अधिक समय लगने की संभावना है। ऐसे में एक पखवाड़े बाद ही सहकारी समितियों में धान की आवक बढ़ने की संभावना है। शुरूआती दिनों में कम धान की आवक होने के कारण खरीदी में कोई समस्या नहीं आने की बात कही जा रही है।




**फड़ों में साफ-सफाई तक नहीं**

प्रशासन द्वारा समितियों में धान खरीदी के लिए कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है लेकिन अभी तक समितियों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। धान खरीदी के लिए सबसे पहले फड़ को तैयार किया जाता है तथा साफ-सफाई व सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है। धान की सुरक्षा के लिए ड्रेनेज की व्यवस्था जरूरी है। इसके लिए जमीन पर प्लास्टिक बोरियों में धान की भूसी भरकर ड्रेनेज की व्यवस्था की जाती है ताकि बारिश एवं नमी से धान खराब नहीं हो सके। धान खरीदी के लिए बारदाना अहम जरूरत है। खरीदी पूर्व समितियों द्वारा 22 बिंदुओं की आवश्यक तैयारियां की जाती है जिसमें से अभी तक एक भी तैयारी नहीं हो सकी है। अभी तक न तो किसी समिति में धान खरीदी के लिए बारदाना उपलब्ध कराया गया है न ही धान की भूसी एवं प्लास्टिक बोरी। पोर्टल पर धान खरीदी करना भी आसान नहीं है। ऐसे में थोड़ी सी भी चूक होने पर कर्मचारियों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है। खरीदे गए धान का स्टेक लगाने अभी हमालों की भी व्यवस्था नहीं हो पाई है।

**पंजीयन भी अधूरा**

धान खरीदी प्रारंभ होने में मात्र एक दिन शेष हैं लेकिन अभी तक न तो सभी किसानों का पंजीयन हो सका है न ही कैरी फारवर्ड का ही कार्य पूरा हो सका है। पिछले साल पंजीकृत 62702 किसानों में से 53362 का पंजीयन कैरी फारवर्ड किया गया है। एकीकृत पोर्टल पर 55437 किसान पंजीकृत किए गए जिनका रकबा 63636.90 हेक्टेयर है। राजस्व ग्राम के 53518 पट्टाधारकों को 85161.91 हेक्टेयर 11546 वन अधिकार धारक किसानों के 834.37 हेक्टेयर रकबा जबकि वनग्राम के 167 किसानों के 101.26 हेक्टेयर एवं असर्वेक्षित ग्राम के 34 किसानों के 34 किसानों के 32.33 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है।

**समिति प्रबंधकों के हड़ताल से निपटने शासन स्तर पर धान खरीदी हेतु नई व्यवस्था, बनाए गए नवीन समिति प्रभारी**

**बिश्रामपुर।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर समिति प्रबंधक गत 3 नवंबर से हड़ताल पर हैं,इधर 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य शुरू होना है,धान खरीदी व्यवस्था निर्धारित समय पर शुरू करने शासन स्तर पर नई व्यवस्था दी गई है,बुधवार 12 नवंबर को कलेक्टर सूरजपुर ने छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र और वीडियो कान्फ्रेसिंग से प्राप्त निर्देशों के बाद खरीफ विपणन वर्ष 2025,26 में समिति स्तर पर प्रभारी समिति प्रबंधक/धान खरीदी प्रभारी के रूप में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,सहकारी निरीक्षक,खाद्य निरीक्षक,समिति प्रबंधक नवीन संवर्ग पद के अधिकारियों की नियुक्ति धान खरीदी प्रभारी के रूप में की गई है,जिले में कुल 54 समितियों में कलेक्टर ने अधिकारियों की नियुक्ति कर इसकी सूची जारी कर दी है,जिसमें केशवनगर धान खरीदी केंद्र में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा,कंदरई में प्रभा तिर्की,रामनगर में सहकारी निरीक्षक महेंद्र राजवाड़े,मानी में कौशलेंद्र सिंह,जयनगर में हेमंत सिंह ओरकरा, सिलफिली में कुमार संभव यादव, लटोरी में मंजुला रानी तिग्गा,कल्याणपुर में देवांशू जायसवाल, कसलगीरी रविन्द्र कुमार व्यास समिति में प्रभारी अधिकारी के रूप में धान खरीदी की व्यवस्था देखेंगे,गौरतलब है कि राज्य सरकार ने हर किसान से 21 क्विंटल धान 31 रुपये किलो के भाव से खरीदने का निर्णय लिया है,धान खरीदी का कार्य दो दिन बाद पंद्रह नवंबर से 31 जनवरी तक चलेगा,शासन स्तर पर धान खरीदी को लेकर इस बार कड़ी निगरानी रखी गई है,गिरदावरी से लेकर बाहर के धान समितियों तक नहीं पहुंच पाए, इसके लिए कड़ी निगरानी की जा रही है।

**खरीदी में नहीं होगी समस्या**

सहकारी समितियों में 15 नवम्बर से धान की खरीदी की जाएगी। सभी कर्मचारियों को पोर्टल पर खरीदी के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। धान खरीदी में कोई समस्या नहीं होगी

-सुनीता अग्रवाल, डीआरसीएस, सरगुजा

# नाबालिग सड़क पर दौड़ा रहे ट्रैक्टर, लोगों के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- पुलिस ने नाबालिग को ट्रैक्टर चलाते पकड़ा
- मालिक पर न्यायालय ने लगाया 30 हजार का जुर्माना

सड़क दुर्घटना में कमी आए इसके लिए पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रम दौरान लोगो को जागरूक करने यातायात नियम का पालन करने सहित नाबालिग को वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी जाती है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के बावजूद कुछ लोग ऐसे है जो नाबालिग को ही वाहन का स्टेरिंग थमा देते है। गत दिन पुलिस ने एक नाबालिग ट्रेक्टर चालक को पकड़ा। साथ ही न्यायालय ने वाहन मालिक पर नाबालिग से ट्रैक्टर चलवाने पर 30 हजार का जुर्माना लगाया।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, सुरक्षात्मक उपाए सुनिश्चित कराने एवं यातायात नियमों के प्रति लापरवाही पर सख्ती से कार्रवाइ करने के निर्देश दिए है। गत दिन पुलिस ने एक 17 वर्षीय किशोर को बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर चलाते पाया। पूछताछ पर किशोर ने बताया कि ट्रेक्टर ग्राम सोहरपुर निवासी प्रदीप जायसवाल का है। मामले में यातायात पुलिस द्वारा एमव्ही एक्ट की धारा के तहत इस्तगासा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जिस पर न्यायालय द्वारा वाहन स्वामी प्रदीप जायसवाल के विरूद्ध 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने बताया कि सड़क हादसों को रोकने के लिए जिले की पुलिस द्वारा लगातार यातायात जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दे रही है। नियमों के उल्लघंन पर सख्ती भी बरती जा रही है। नाबालिक से ट्रेक्टर या अन्य वाहन चलवाने का यह व्यवहार समाज में एक हानिकारक संदेश देता है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि कि यातायात नियमों का पालन करें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाए, किसी भी परिस्थिति में नाबालिग से वाहन न चलवाए अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।




**कम मजदूरी में मिल जाते है चालक**

विभिन्न निर्माण कार्य तथा खेती किसानी के दौरान ट्रैक्टर चालक की कमी होती है। ऐसे में ट्रैक्टर चालक की कमी हो जाती है और जो होते है वह भी एक दिन का मजदूरी ज्यादा लेते है। चालकों की मजदूरी ज्यादा होने पर वाहन मालिक कई ऐसे नौसिखिया नाबालिक चालको को ही कम मजदूरी देने के साथ वाहन थमा देते है। नाबालिग के वाहन चलाने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नगर में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी है जहां नाबालिग वाहन चलाते समय दुर्घटना ग्रस्त हो चुके है।

**खुद को कर देते है चालक घोषित**

ईट भट्ठा सहित ट्रैक्टरों में काम करने वाले मजदूर थोड़ा बहुत चलाने पर खुद को ही चालक घोषित कर दिया। ऐसे में वाहन मालिक भी मजदूरी दर पर मजदूरों से वाहन चलवाना शुरू कर देते है। जबकि अधिकांश ट्रैक्टर चालकों के पास ट्रैक्टर चलाने का लाइसेंस तक नहीं होता है।



## राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर सुरक्षा इंतजामों की कमी, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज से बलरामपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर राहगीरों के लिए सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से अब राहगीरों के लिए खतरनाक साबित होने लगा। आलम यह है कि सड़क किनारे किए गए गड्ढे से अब बाइक सवार दुर्घटना का शिकार होने लगे है। आज दोपहर में भी एक और बाइक सवार गड्ढे में चले जाने से घायल हो गया। हालांकि मार्ग से गुजर रहे लोगों ने उसे अस्पताल दाखिल कराया। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होने लगी है जिससे लोगों में आक्रोश है।

रामानुजगंज से बलरामपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आई है। करीब 90 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे इस निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा सड़क पट्टी को काटकर लगभग 3 फीट गहरा गड्ढा बना दिया गया है, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। सुरक्षा अव्यवस्था के कारण दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार हर पल किसी न किसी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आज दोपहर करीब 1.30 बजे ग्राम जामवंतपुर निवासी अमरेश कुजूर बाइक से राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर जा रहे थे, तभी वे सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गए। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे तत्काल जामवंतपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि आज ही एक ट्रक भी इसी मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी और प्रशासन से मार्ग पर सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं न हो सके। अगर सड़क किनारे सुरक्षा के इंतजाम नहीं होंगे तो इस तरह की घटनाएं लगातार होती रहेंगी।

## आर्थिक स्थिति से जूझ रही वृद्धा तीन साल से पेंशन से है वंचित

**करवां।** एसईसीएल के सेवानिवृत्त कोल कर्मी स्व. दूधनाथ सिंह के निधन को तीन वर्ष बीत गए, फिर भी उसकी विधवा पत्नी पेंशन से वंचित है। बिश्रामपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमपुर में पुरानी दीवारों और टूटी छतों के बीच एक ऐसा घर है जो अब सिर्फ खामोशी, दर्द और उम्मीद का प्रतीक बन चुका है। इस घर में रहती हैं प्यारो बाई जो अब न तो चल सकती है और न बोल पाती है। अब तो वह मुस्कुराना भी भूल चुकी हैं। ज्ञात हो कि स्व. दूधनाथ सिंह, एसईसीएल के ओल्ड कुम्दा कॉलरी में कार्यरत थे। कोयले की कालिख और खदान की अंधेरी सुरंगों में उन्होंने अपने परिवार की जिंदगी रोशन की। वर्ष 2014 में सेवानिवृत्त हुए, और कुछ वर्षों तक उन्हें नियमित पेंशन मिलती रही। 13 जनवरी 2022 को बीमारी ने निधन हो गया। पत्नी प्यारो बाई को विधवा पेंशन मिलनी थी। आवेदन भी किया गया, दस्तावेज भी जमा हुए, लेकिन आज तीन साल बाद भी वह पेंशन प्रक्रिया में है। विभागीय लापरवाही की एक दुखद मिशाल बनकर रह गई है। प्यारो बाई आज वृद्धावस्था और लकवे की बीमारी से पूरी तरह ग्रस्त हैं। फिर भी उनकी आंखों में हर रोज एक उम्मीद चमकती है कि शायद आज पेंशन का पैसा मिल जाए। उनकी फाइल कई बार अधिकारियों की मेज पर पहुंची, लेकिन हर बार या तो किसी दस्तावेज की कमी बताई गई या अगले महीने की तारीख दी गई। ऐसे में प्यारो बाई बेटे तपेश्वर सिंह पर निर्भर है।



## जांवतपुर एवं विशुनपुर की टीम ने दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- काका लरंगसाय स्मृति क्षेत्रीय फुटबाल स्पर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती के उपलक्ष्य में स्व.राधेश्याम जायसवाल एवं काका लरंगसाय स्मृति क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया जा रहा है। टूर्नामेंट का यह वर्ष 2025 का आयोजन अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है।

गुरुवार को खेले गए दो मुकाबलों में रोचक मैच देखने को मिला। पहला मैच जूनियर फुटबॉल क्लब रामानुजगंज और जामवंतपुर के बीच खेला गया, जिसमें जामवंतपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3–0 से विजयी रही। दूसरा मैच पुरुषोत्तमपुर और बिशनपुर के बीच खेला गया, जिसमें बिशनपुर की टीम ने प्रतिद्वंद्वी टीम को 3–0 से पराजित करते हुए जीत हासिल की। निर्णायक मंडल में शेखर प्रधान, मोहम्मद इस्लाम, सत्येंद्र कुमार, शिव कुमार, बाबूलाल लहरे, सुभाष केसरी एवं स्पोर्ट्स क्लब के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी सक्रिय रहे। टूर्नामेंट को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ मैदान में उमड़ रही है। खेल प्रेमियों के उत्साह के बीच यह टूर्नामेंट अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है, जिसका फाइनल मुकाबला 17 नवंबर को खेला जाएगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, राजेश सोनी, अशोक जायसवाल, विकास दुबे, विनोद जायसवाल, विजय रावत, अनूप कश्यप, कयूम खान ,कमेटी के अमित जायसवाल, आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, वीरेंद्र सिंह एवं अजय गुप्ता उपस्थित रहे।




### ट्रैक्टर के पीछे हल से टकराई बाइक, ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन को मोड़ दिया जिससे पीछे से आ रहे बाइक सवार ट्रैक्टर के हल से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत महावीरगंज क्षेत्र के ग्राम चौराडांड निवासी शिव कुमार नागवंशी बाइक से गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने जा रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वाहन को अचानक मोड़ दिया जिससे बाइक सवार ट्रैक्टर के पीछे लगे हल से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को रामानुजगंज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## जिला पंचायत सीईओ ने ली अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक, दिए दिशा निर्देश

**शंकरगढ़।** जनपद पंचायत शंकरगढ़ के सभागार में आज जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर द्वारा आकांक्षी विकासखण्ड शंकरगढ़ में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में विकासखण्ड के सभी विभाग प्रमुखों ने अपने-अपने विभागों की स्थिति प्रस्तुत की। सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने विशेष रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता और गति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी विकासखण्ड शंकरगढ़ में योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर तक दिखाई देना चाहिए। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में हो और जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले। सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने खरकोना के पंचायत सचिव प्राण सिंह को आवास संबंधित जानकारी सही नहीं दिए जाने के संबंध में कड़ी फटकार लगाई एवं आगे इस प्रकार की गलती होने पर कार्रवाई की बात कही। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी अनमोल टोप्पो, जनपद सीईओ वेद प्रकाश पांडे, आकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमन जायसवाल, कृषि अधिकारी उमाकांत सिंह, पशु चिकित्सालय अधिकारी एमएस मरकाम, एबीओ विजय कंवर, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक सहित मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए 4 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के निर्देशन में प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का जोन स्तरीय आयोजन इस वर्ष शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर में गत दिनों संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता में सूरजपुर जिले के चार विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए किया गया है,जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के कक्षा 12 वीं के छात्र अविनाश सिंह और नवल साय ने क्रमशः स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सतत कृषि विषय पर,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां के कक्षा 12 वीं के गीता सिंह ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सेजेस जयनगर से कक्षा 8 वीं के छात्र मोहम्मद आसिफ अंसारी ने उभरती प्रौद्योगिकियां विषय पर मॉडल के माध्यम से प्रस्तुति देंगे,राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जशपुर जिले में 12 से 15 नवंबर तक किया जाएगा,इस वर्ष का केंद्रीय विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत है,जिसके अंतर्गत सात उपविषय सतत कृषि,अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण एवं प्रबंधन शामिल हैं, कार्यक्रम का उद्देश्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचारों की खोज,नवाचार एवं रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित करना है।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, डीएमसी मनोज कुमार साहू,सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव,प्राचार्य पीसी सोनी रामानुजनगर, मीरा सिंह करवां, वीरेंद्र जायसवाल सेजेस जयनगर एवं गाइड टीचर्स गोपाल सिंह,डॉ निशा सिंह, फिजा सदफ तथा यशोदा पैकरा ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी है।




चयनित विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



### बाइक चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार, चोरी के चार बाइक जब्त

**अम्बिकापुर।** भटगांव पुलिस ने एक बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों एवं एक खरीददार को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के सदस्यों से अलग-अलग स्थानों से चोरी किए गए चार बाइक को बरामद किया है। ग्राम महेशपुर निवासी सूरज प्रसाद पिता ओगर साय की मोटरसायकल को चोरों ने सोनगरा आमाडांड साप्ताहिक बाजार से पार कर दिया था। पीड़ित की रिपोर्ट पर भटगांव पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। पुलिस ने आसपास के स्थानों की सीसीटीवी फूटेज खंगालने के बाद मुखबिर की सूचना पर जंगलपारा जरही निवासी संदेही शुभम सोनी से पूछताछ की तो आमाडांड साप्ताहिक बाजार से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ गैंग बनाकर बाइक चोरी करते थे तथा चोरी की मोटरसाइकिल अम्बिकापुर निवासी मनोज सोनी व उसके बेटे प्रिंस सोनी को बेचते थे। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके साथी आकाश कुमार चौबे, दीपक कुमार केवट एवं खरीददार कबाड़ व्यवसायी प्रिंस सोनी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने दुर्गा पूजा के दौरान ग्राम करौटी एवं दवना से दो मोटर साइकिल चोरी कर प्रिंस सोनी को बेचने की जानकारी दी। पुलिस आरोपियों के विरूद्ध सूरजपुर एवं सरगुजा जिला के विभिन्न थानों में दर्ज अपराधों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने मामले में जंगल पारा जरही निवासी शुभम सोनी पिता कालीचरण सोनी (22वर्ष), आकाश कुमार चौबे पिता स्व.श्याम किशोर चौबे (26वर्ष), ऊर्जानगर जरही निवासी दीपक कुमार केवट पिता सदानंद केवट (25वर्ष) एवं खैरबार अम्बिकापुर निवासी प्रिंस सोनी पिता मनोज सोनी (18वर्ष) को गिरफ्तार किया है।कार्रवाई में एएसपी संतोष महत्तो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी अभिषेक पैकरा थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, एएस आईराज किशोर खलखो सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### कलेक्टर ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का अवलोकन

**बलरामपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत मतदान केंद्र चलगली पहुंचकर मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) से चर्चा कर विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति तथा गणना पत्रक वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने निर्देश देते हुए कहा कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, सटीकता और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि आगामी निर्वाचन के लिए शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची तैयार हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में अवश्य दर्ज हो, इसके लिए घर-घर जाकर गणना पत्रक का मिलान कर जानकारी प्राप्त करें। साथ ही जागरूकता संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए।

## पेज 1 के शेष...

### देश के एकीकरण में सरदार...

पुष्प वर्षा से रैली का स्वागत किया। पदयात्रा द्वारा जन-जन तक एकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विकास का संदेश पहुंचाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि देश के एकीकरण में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही, उनके इन्हीं योगदानों के लिए आज हम एकता मार्च के माध्यम से लोगों को एकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बहुत से स्वतंत्रता आंदोलनों का नेतृत्व किया और भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के रूप में सेवाएं दीं हैं, उनके विषय में जितना कहा जाए कम है। हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके जयंती को पूरे भारत में मना रहे हैं, उनकी शिक्षाओं और विचारों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि हम सब एक ऐसे पुरुष की जयंती मना रहे हैं, जो एकता के लिए मिसाल है। देश जब आजाद हुआ तब उन्होंने देशी रियासतों को भारत देश में मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। एकता मार्च के माध्यम से हम लोगों को देश की आजादी में अपनी भूमिका निभाने वाले ऐसे ही महत्वपूर्ण पुरुषों के बारे में बताकर प्रेरित कर रहे हैं। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भी सरदार पटेल के विचारों को याद कर विद्यार्थियों को देश के एकीकरण में उनके योगदान के बारे में बताया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, अम्बिकेश केसरी, निश्चल प्रताप सिंह, कलेक्टर, जिपं सीईओ विनय अग्रवाल, ननि आयुक्त डीएन कश्यप, पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं,बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

### नौकरी लगाने के नाम पर...

बात कही। आरोपी युवक के झांसे में आकर महिला ने अपने परिवार की जमीन बेच कर वर्ष 2018 से 2025 के बीच विभिन्न किश्तों में 72 लाख रुपए भेज दिए। बच्चों की नौकरी नहीं लगने पर महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी इम्मानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के बाद पुलिस टीम ने एमपी के पड़खुडी से आरोपी संतोष कुमार पटेल को धारा 318(2), 319(2), 336(3), 340 के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुसमी विरासत कुजूर, सउनि रमेश तिवारी, दीपक बड़ा, आरक्षक धीरेन्द्र चंदेल सक्रिय रहे।

## लाखों की लागत से नेहरू वार्ड में बनाई जा रही सड़क

# बनाने के बाद उखड़ रही सड़क, घटिया निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश



गुणवत्ताहीन नवनिर्मित सड़क।



घटिया निर्माण को दिखाते पूर्व पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लंबे समय से जर्जर सड़क की दंश झेल रहे शहर के लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर नगर निगम द्वारा करोड़ों की लागत से विभिन्न वार्ड में सड़क डामरीकरण किया जा रहा है। गली मोहल्लों की सड़क के डामरीकरण होने से लोगों को जर्जर सड़क से निजात मिलने की आस जगी। हैरानी की बात तो यह है कि वार्ड में लाखो की लागत से बन रही सड़क की गुणवत्ता को दरकिनार कर निर्माण किया जा रहा है। सड़क बने अभी दो दिन भी नहीं हुए कि सड़क उखड़ने लगी है। कुछ इस तरह की स्थिति शहर के नेहरू वार्ड की है जहां डामरीकरण के दो दिन बाद ही सड़क उखड़ने लगी। आज वार्ड के पूर्व पार्षद सहित मोहल्ले के लोगों ने घटिया निर्माण किए जाने पर नाराजगी जताई।

**खास बात**

- कलोगों ने सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्ड की सड़क डामरीकरण के लिए लगभग 22 करोड़ की स्वीकृति हुई है। राशि स्वीकृत होने के बाद वार्ड में सड़क डामरीकरण का कार्य युद्ध स्तर से जारी है। इसी कड़ी में शहर के नेहरू वार्ड में भी लाखो की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व ही वार्ड के कलेक्टर गेट नम्बर 2 से इरानी बस्ती,पंच देव मंदिर, करसू तालाब होते हुए भाजपा कार्यालय तक सड़क डामरीकरण कार्य शुरू हुआ। इरानी बस्ती सहित अन्य जगह का डामरीकरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है वहीं भाजपा कार्यालय से करसू तालाब तक की सड़क का डामरीकरण शेष है। दो दिन पूर्व ही कलेक्ट्रेट गेट नम्बर एक से शिशु मंदिर तक की सड़क का डामरीकरण किया गया। अभी सड़क का काम पूरा हुए दो दिन भी नहीं हुए की सड़क उखड़ने लगी। आज वार्ड के पूर्व पार्षद बबन सोनी सहित मोहल्ले के लोगों ने घटिया सड़क निर्माण का विरोध करना शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि वर्षों बाद वार्ड की जर्जर सड़क पर डामरीकरण का कार्य हो रहा है लेकिन लेकिन अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद गुणवत्ता बेहद खराब है। लोगों का आरोप है कि शहर के बीच कलेक्टर ऑफिस और भाजपा कार्यालय के समीप सड़क की ऐसी हालत है तो अन्य वार्ड की स्थिति कैसी होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। पूर्व पार्षद और मोहल्ले के लोगों के विरोध के बाद नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग प्रभारी मौके का निरीक्षण किया तो सड़क निर्माण गुणवत्ताहीन पाया। जिस पर ठेकेदार को तलब कर उखड़ रही सड़क की मरम्मत करने के निर्देश दिए जिसके बाद तत्काल सड़क की मरम्मत ठेकेदार द्वारा किया गया।

### पैर रगड़ने से उखड़ रही सड़क

कलेक्ट्रेट गेट से शिशु मंदिर तक हुई सड़क डामरीकरण इतना घटिया है कि पैरों से रगड़ने से ही धूत की तरह सड़क उखड़ने लगी। वार्ड के पूर्व पार्षद सहित लोगों ने पैरो से रगड़ कर उखड़ रहे सड़क को सबूत के तौर पर दिखाया। इधर उखड़ रही सड़क को देख जनप्रतिनिधि ने भी घटिया निर्माण को लेकर नाराजगी दिखाई साथ ही गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कराने की बात कही। इधर कुछ लोगों ने घटिया निर्माण का वीडियो बनाकर वायरल करने लगे है।

### डामर की मात्रा कम

लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लंबे समय बाद बन रही सड़क को लेकर क्षेत्र के लोगों में टिकाऊ सड़क बनने की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। वार्ड वासियों ने बताया कि सड़क उखड़ने का प्रमुख कारण सड़क डामरीकरण से पूर्व सड़क पर जितना इमंशन छिड़कना चाहिए उतना नहीं डाल रहे है। इसके अलावा डामर की मात्रा भी काफी कम है जिससे सड़क भारी वाहन के चलने के बाद उखड़ रही है।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

भाजपा कार्यालय के समीप सड़क के उखड़ने की शिकायत मिली थी। सड़क गुणवत्ता पूर्ण नहीं पाया गया। ठेकेदार व इंजीनियर का बुलाकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए गए है। शहर में जहां जहां घटिया निर्माण की शिकायत मिल रही है वहां निरीक्षण कर सड़क की जांच की जा रही है। ठेकेदार का सख्त निर्देश दिए गए है कि सड़क निर्माण गुणवत्तापूर्ण करें।

-मनीष सिंह
पीडब्ल्यू डी प्रभारी नगर निगम

## पांचवे दिन भी नहीं हो सका युवक का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिस हिरासत में युवक की मौत के बाद पांचवे दिन भी उसका अंतिम संस्कार नहीं हो सका। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की समझाइश और आश्वासन के बाद भी परिजन और ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े हुए है। परिजन की मांग है कि उन्हें पीएम रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराई जाए और एक करोड़ रुपए की मुआवजा राशि दी जाए। बता दें कि बलरामपुर जिला मुख्यालय में 30 व 31 अक्टूबर की दरमियानी रात धनंजय ज्वेलर्स में अज्ञात लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोर दुकान से 50 लाख रुपए से अधिक की चोरी कर भागे थे। इसी चोरी के मामले में पुलिस ने बादी गिरोह के 4 आरोपियों के साथ ही कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि इनमें से एक आरोपी 19 वर्षीय उमेश सिंह की पुलिस हिरासत में 9 नवम्बर की सुबह मौत हो गई थी। इस मामले में न्यायिक जांच शुरू हो चुकी है और न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में युवक का पीएम किया गया लेकिन परिजन फिर से पीएम कराने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई और 1 करोड़ रुपए मुआवजा की मांग कर रहे थे। बुधवार को परिजनों ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा से मुलाकात कर दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने की मांग की थी। सरगुजा आईजी ने जांच में चार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई भी कर दी। गुरुवार को भी सीतापुर एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी और एसडीएम द्वारा परिजन को समझाइश दी गई और निष्पक्ष जांच व कार्रवाई का आश्वासन भी दिया लेकिन परिजन अब पीएम रिपोर्ट देने के साथ ही एक करोड़ रुपए मुआवजा की मांग पर अड़े हुए है। यही वजह है कि मौत व पीएम होने के बाद पांच दिनों से युवक का शव राजपुर के मर्च्युरी में रखा हुआ है। पांच दिन में भी युवक का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया।

- पीएम रिपोर्ट और एक करोड़ रुपए मुआवजा की मांग

### सिकल सेल से पीड़ित था मृतक

मृतक उमेश सिंह आदतन बदमाश था। उसके खिलाफ पहले में भी चोरी के मामले दर्ज हैं। वह कुख्यात नट गिरोह का सदस्य था। बलरामपुर पुलिस ने बताया है कि सिलकसेल से पीड़ित होने के कारण पूर्व में वह 34 बार हॉस्पिटल में भर्ती हुआ था। सिकलसेल से पीड़ित होने के कारण उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई।

### चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 23 से

**वाड्रफनगर।** गायत्री परिवार द्वारा भगवान परशुराम चौक के निकट 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन 23 नवंबर से 26 नवंबर किया जाएगा। शांतिकुंज हरिद्वार के तपोनिष्ठ प्रतिनिधि की उपस्थिति में चार दिवसीय धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। आयोजकों ने बताया कि समाज में सद्भाव, संस्कार, नैतिकता एवं आध्यात्मिक उन्नति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यज्ञ के माध्यम से राष्ट्रशक्ति, जनशक्ति और परिवार संस्कारों की जागृति को गति देने की भावना प्रखर होगी। इस दौरान प्रतिदिन प्रातःकालीन प्रज्ञायोग साधना, सामूहिक जप, प्रवचन, यज्ञ विविध सांस्कृतिक व सामाजिक प्रस्तुति होगी।

### सरगुजा में पहली बार आयोजित होगी राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता

**अंबिकापुर।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा एवं नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सरगुजा जिले में पहली बार राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 15 व 16 नवम्बर को माउंट लिट्रा जी स्कूल, संजय नगर में आयोजित होगी। इस राज्य स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेने आ रहे हैं, जो अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले में नेटबॉल का यह पहला बड़ा आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन से जिले में खेल के प्रति नई ऊर्जा, उत्साह और जागरूकता का संचार होगा तथा आने वाले समय में सरगुजा से और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। पूर्व में भी सरगुजा जिले से कई खिलाड़ी फुटबॉल में मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किए हैं इस प्रकार के प्रतियोगिता से यहां की प्रतिभा और निखरकर सामने आएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कई जिले से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। जो एक मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। सरगुजा के लिए यह एक गौरवपूर्ण अवसर है कि यहाँ पहली बार राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन होने जा रहा है।

## तहसीलदार ने 2 पिकअप की जब्त, मध्यप्रदेश से ला रहे थे अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



जब्त पिकअप।

धान खरीदी की तिथि निकट आने के साथ ही पड़ोसी राज्यों से धान की आवक रोकने प्रशासन की संयुक्त टीम ने अपनी चौकसी बढ़ा दी है। इधर कोचिए भी खरीदी शुरू होने के पूर्व अधिक से अधिक धान संग्रहित करने की जुगत में जुटे हैं।

बीती रात कोचियों की सक्रियता को देखते हुए तहसीलदार विंदेश्वर प्रजापति राजस्व अमले के साथ गश्ती पर निकले थे। इस दौरान रात्रि 2 बजे सीमावर्ती मध्यप्रदेश बरगढ़-मकरा दुआरी के रास्ते तेज रफ्तार दो संदिग्ध पिकअप को आते देख टीम ने वाहनों को रोका लेकिन टीम को देखते ही वाहन चालक तेज रफ्तार से खैरा रोड वाहन चलाते हुए भागने लगे। राजस्व टीम ने पीछा कर दोनों पिकअप को मोहरसोप जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा। वाहनों की जांच की गई तो दोनों में 60-60 बोरी धान लोड मिला। चालकों के पास धान से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर तहसीलदार द्वारा जब्ती की कार्रवाई करने पर चालक विवाद करने लगे। चालकों ने कई बार पिकअप लेकर भागने की भी कोशिश की। तहसीलदार ने घटना की सूचना मोहरसोप पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने पर वाहन चालक शांत हुए तब जब्ती की कार्रवाई की गई। जब्त धान लोड दोनों पिकअप को मोहरसोप पुलिस के सुपुर्द किया गया है। तहसीलदार श्री प्रजापति ने बताया कि सीमावर्ती धान की आवक रोकने गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व अंतर्गत मकरा दुआरी स्थित वनोपज जांच चौकी में तैनात कर्मचारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों से आने वाले धान लोड वाहनों को बैरियर लगाकर रोकने एवं तत्काल इसकी सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन जांच चौकी पर तैनात वनकर्मी प्रशासन का सहयोग नहीं कर रहे हैं। वनकर्मी न तो वाहनों की जांच करने के लिए बैरियर लगा रहे हैं न ही रात में मौजूद रह रहे हैं। कर्मचारी रात में बैरियर खोलकर घर चले जाते हैं अथवा चौकी परिसर में सो जाते हैं जिससे कोचियों द्वारा बाहर से लाए जा रहे धान को रोकने में सफलता नहीं मिल पा रही है। जब्त दोनों पिकअप को मोहरसोप पुलिस ने चौकी में खड़ा किया है।

### वाड्रफनगर में धान लोड तीन वाहन जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने बीती रात गश्ती के दौरान वाड्रफनगर में अलग-अलग स्थानों पर अवैध धान लोड तीन पिकअप को जब्त किया है। तीनों पिकअप में 200 बोरी धान लोड कर समितियों में खपाने के उद्देश्य से 200 बोरी धान लाया जा रहा था। एसडीएम नीर निधि नंदेहा ने बताया कि बीती रात प्रशासन की संयुक्त टीम ने गश्ती के दौरान यूपी की ओर से आ रहे तीन पिकअप को रोककर जांच की तो वाहनों में 200 बोरी धान लोड मिला। चालक धान से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। माना जा रहा है कि पिकअप में लोड धान कोचियों द्वारा समितियों में खपाने के उद्देश्य से मंगाया गया होगा। संयुक्त दल ने तीनों पिकअप जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया है।

## आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त भारत की पहचान- धर्मवती



हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल के सहयोग और भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, बसंत राय, राजेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष कुंती चक्रधारी, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जीवनानी, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, महिला मोर्चा महामंत्री संगीता गुप्ता, रीता यादव, पार्षद रेखा वर्मा, ज्योति देवांगन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उर्मिला, पुष्पलता राजवाड़े, प्रियंका सिंह, साक्षी सिंह राजपूत, सीमा रानी सिंह, शिल्पा शर्मा, काजल मोदी, रीना शर्मा, अनीता गुप्ता, गीता गिरी, सविता मिश्रा, झर्मिला देवी, सावित्री देवांगन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान का मूल उद्देश्य हर नागरिक, विशेषकर महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जब महिला आत्मनिर्भर बनती है तो परिवार, समाज और देश मजबूत होता है। महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्टनिर्माण की अनिवार्य प्रक्रिया है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे स्वरोजगार, स्व-सहायता समूहों और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें तथा शासन की योजनाओं का लाभ लेकर खुद को आत्मनिर्भर बनाएं। जिलाध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और प्रगति के लिए संकल्पित है और महिला मोर्चा इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाएगा। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा महामंत्री संगीता गुप्ता एवं रीता यादव ने संयुक्त रूप से किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने दिया।

### कर्रा गांव में चोरों का धावा, पार की ट्रैक्टर का बैटरी व समर्सिबल पंप

**अम्बिकापुर।** ग्राम कर्रा में चोरों ने एक ही रात गांव के अलग-अलग घरों के परछी में रखे ट्रैक्टर के बैटरी सहित समर्सिबल पंप व तार चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कर्रा निवासी गायत्री देवी पति स्व. सोमार साय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 नवम्बर की दरमियान रात घर के परछी के अंदर खडे ट्रैक्टर से 10 हजार कीमत की बैटरी को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। घटना की जानकारी तब लगी जब सुबह उठे तो देखा बैटरी गायब थी। घटना की रिपोर्ट गायत्री देवी ने थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में गांव के ही जैमल राम आ. स्व. रामसाय राम (55 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि कृषि कार्य करने हेतु मिनी ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 15 डीई 1775 है जिसे घर के सामने खड़ा किया था। बीती रात चोरों ने ट्रैक्टर से बैटरी तथा समरसिबल पंप, तार सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनो मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




